वर्ष- 02 , अंक- 05

छपरा

10 नवंबर रविवार 2024

पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live


# आप भाजपा की सरकार बनाइये, हम भ्रष्टाचारियों को सलाखों के पीछे भेजेंगे : अमित शाह

- सहारा के जमाकर्ताओ का पाई पाई दिलवाएगी सरकार
- झामुमो - कांग्रेस की सरकार बनी तो एसटी -एससी एवं ओबीसी आरक्षण में कटौती करके मुसलमानो को देने की तैयारी



**रांची,एजेंसी।** पूर्वी सिंहभूम जिला के पोटका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जुडी फुटबॉल मैदान में भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा के पक्ष में चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा, कॉग्रेस एवं राजद की सरकार ने राज्य में लूट और भ्रष्टाचार के सिवाय कुछ भी नहीं किया है द्य खनन एवं शराब घोटाला के साथ -साथ केंद्र सरकार द्वारा जन कल्याण के लिए भेजी गयी राशि को भी हजम कर गयी झामुमो नीत सरकार ने द्य उन्होंने उपस्थित जन समूह का आह्वान किया कि कमल निशान का बटन दबाकर मीरा मुंडा को भारी मत से विजयी बनाएं । झारखण्ड में भाजपा की सरकार बनेगी और तमाम भ्रष्टाचारियों को सलाखों के पीछे भेजनें का काम सरकार करेगी गृहमंत्री ने उपस्थित महिपाओं को भरोसा दिलाया कि 13 को भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कीजिये, 23 को पार्टी प्रत्याशी जीतेगी और 11 दिसंबर को सभी बहनों के अकाउंट में गोगो दीदी योजना के तहत 2100/ रूपये आ जायेंगे ।

अमित शाह ने कहा कि नक्सलवाद के कारण विकास कार्य बाधित होना पहले आम बात थी द्य नरेन्द्र मोदी की सरकार ने अपने दृढ संकल्प से नक्सलियों का सफाया करके विकास की राह को आसान बना दिया है द्य आदिवासी हित की बात करते हुए अमित शाह ने कहा कि वर्ष 2004 से 2014 तक केंद्र में कांग्रेस की सरकार ने सिर्फ 28 हज़ार करोड़ का प्रावधान किया था द्य इसे बढ़ा कर मोदी सरकार ने 2014-24 तक 125 हज़ार करोड़ कर दिया है जिससे आदिवासियों का विकास तेजी से हो सके ।उन्होंने कहा कि अर्जुन मुंडा के आदिवासी कल्याण मंत्री रहते आदिवासी बच्चों की पढ़ाई को बेहतर करने के लिहाज़ से एकलव्य स्कूल बनाये गए हैं ।

### पोटका में कमीशनखोरी चरम पर, छूटकारा चाहती है जनता - अर्जुन मुंडा

**घाटशिला , संवाददाता ।** पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने चुनावी सभा में कहा कि पोटका विधानसभा क्षेत्र की जनता अपने जनप्रतिनिधि के कमिसनखोरी से हलकान है ।आसन्न चुनाव में झामुमो को सबक सिखाने का मन बना चुकी है ।मुंडा ने कहा - पोटका मेरा घर है द्य उपस्थित लोगों के घर का हूँ मैं ।उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी तो रोजगार सृजन की दिशा में सरकार तेजी से काम होगा द्य पलायन रुकेगा ।अपना घर - परिवार छोड़कर रोजगार के लिए दूसरे प्रदेश में नहीं जाना पड़ेगा यहां के युवकों को ।अर्जुन मुंडा ने स्थानीय जन प्रतिनिधि के भ्रष्टाचार की चर्चा करते हुए कहा कि बिना रिश्वत के सरकारी दफ़्तरो में आम जनता का काम नहीं होता द्य हर काम में कमीशनखोरी यहां चरम पर है ।उन्होंने बांग्ला भाषा में गीत गाकर आदिवासियों की दशा के बारे में बताया ।

## हेमंत सोरेन में झारखंड को भ्रष्टाचार के दलदल में धकेला : राजनाथ

**चतरा,एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को झारखंड के चतरा स्थित हंटरगंज हाई स्कूल ग्राउंड में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस, जेएमएम एवं राजद समर्थित सरकार को उखाड़ फेकने का आह्वान किया। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि 5 सालों में हेमंत सरकार ने सिर्फ झारखंड को लूटने का काम किया है। हेमंत सोरेन के राज में झारखंड में भ्रष्टाचार का बोलबाला बढ़ गया। अधिकारी से लेकर के साधारण कर्मचारी तक बेलगाम हो गए। इस सरकार ने राज्य को भ्रष्टाचार की दलदल में धकेल दिया। राजनाथ ने कहा कि हेमंत सोरेन सत्ता लोभी हैं। हेमंत ने चंपाई सोरेन को दो माह तक और मुख्यमंत्री बने रहने का भी समय नहीं दिया। राजनाथ ने कहा कि झारखंड को विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाना है तो सिंगल इंजन नहीं डबल इंजन की सरकार बनानी होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का सोच है कि केंद्र से जो भी पैसा भेजा जाय वह सीधे गरीबों के खाते में जाए।





# जमशेदपुर में भाषण रोक कर राहुल गांधी ने सरदार जी से किया सवाल, फिर समझाया इकोनॉमिक्स

**जमशेदपुर/रांची,एजेंसी।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के प्रचार में जमशेदपुर पहुंचे राहुल गांधी ने चुनावी सभा को संबोधित किया. राहुल गांधी ने जमशेदपुर पश्चिम सीट से कांग्रेस प्रत्याशी बन्ना गुप्ता और जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा सीट से डॉ. अजय कुमार के पक्ष में चुनाव प्रचार किया. इस सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर प्रहार किया ।

राहुल गांधी ने एक बार फिर संविधान को दिखाया और कहा कि बीजेपी संविधान को खत्म करना चाहती है. इसके अलावा राहुल गांधी ने जीएसटी को लेकर सरकार को घेरा. उन्होंने अपना भाषण रोककर एक सरदार जी से सवाल करना शुरु कर दिया. फिर उन्होंने उनसे पूछा कि आपकी शर्ट कितने की है. राहुल गांधी ने बताया कि अगर 500 रुपए कि शर्ट पर आम आदमी जितना जीएसटी भरता है, उतना ही जीएसटी एक अरबपति भी भरता है, ये गलत है. ये गलत जीसएटी की नजीता है. राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी ने गरीबों का कर्ज माफ नहीं किया बल्कि पूंजीपतियों का कर्ज माफ किया ।

**राहुल गांधी ने समझाया इकोनॉमिक्स:** राहुल गांधी ने कहा कि मोदी जी ने अडानी और अंबानी जैसे 25 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपए माफ किए. उन्होंने कहा कि मोदी जी अमीरों के कर्ज माफ करते हैं और गरीबों पर ध्यान नहीं देते हैं. उन्होंने कहा कि सरकार अमीरों के पैसे माफ कर देती हैं और फिर ये लोग विदेशों में जाकर पैसे खर्च करते हैं. इससे देश का पैसा बाहर चला जाता है. अगर उनकी सरकार आई तो जितना पैसा अरबपतियों को देते हैं उतने पैसे वे गरीबों को देंगे. उन्होंने कहा कि गरीबों के अकाउंट में पैसे आने से वे देश में पैसे खर्च करेंगे और देश की आर्थिक स्थिति अच्छी होगी ।



### हर महिला को 25000 रुपए, कॉलेज और रोजगार

राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव जीतेने के बाद हर महिला को 2500 रुपए देगी हर महीने खटाखट देगी. इसके अलावा सात किलो राशन हर महीने, 450 रुपए का गैस सिलेंडर, गरीबों के धान के लिए 3500 रुपए और 15 लाख रुपए का स्वाथ्य बीमा भी लोगों को दिया जाएगा. राहुल गांधी ने वादा किया कि जीतने के बाद उनकी सरकार हर ब्लॉक में एक डिग्री कॉलेज और हर डिस्ट्रिक में एक प्रोफेशनल कॉलेज बनाया जाएगा. राहुल गांधी ने कहा कि उनकी सरकार आई तो 10 लाख युवाओं को रोजगार दिया जाएगा ।

## कपलिंग खोलते वक्त इंजन-बोगी के बीच दबा रेल कर्मचारी, मौत

**बेगूसराय,एजेन्सी।** बेगूसराय के बरौनी जंक्शन पर ट्रेन के पार्सल वैन और इंजन के बीच दबकर रेलवे कर्मचारी की मौत हो गई। मृतक की पहचान दलसिंहसराय निवासी शंटिंग मैन अमर कुमार राउत ( 35 ) के रूप में की गई है।

हादसा शनिवार सुबह हुआ। बताया जा रहा कि 15204 लखनऊ-बरौनी एक्सप्रेस बरौनी जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर पांच पर आई थी। ट्रेन को शंटिंग में ले जाने के लिए इंजन बदला जाना था।

इंजन को बदलने के लिए शंटिंग मैन अमर कुमार राउत इंजन और बोगी के बीच काम कर रहे थे। वो कपलिंग खोल रहे थे। इसके बाद शंटिंग इंजन लगाकर ट्रेन को वॉशिंग पिट पर ले जाया जाता।

इंजन बैक करने के दौरान वह दब गए। मौके पर ही मौत हो गई।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा में NC विधायक बोले : आतंकी बनना चाहता था-बहुत यातनाएं झेलीं,

### सेना के अधिकारी ने व्यवस्था में विश्वास जगाया

**श्रीनगर,एजेन्सी।** जम्मू-कश्मीर की लोलाब विधानसभा सीट से नेशनल कॉन्फ्रेंस के MLA कैसर जमशेद लोन ने विधानसभा में कहा- मैं पहले आतंकवादी बनना चाहता था। मुझे यातनाएं झेलनी पड़ी थीं। लोन ने 8 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर विधानसभा के पहले सत्र के आखिरी दिन एलजी मनोज सिन्हा के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान ये बातें कहीं। कैसर ने बताया- मैं जब 10वीं क्लास में था, तब मेरे इलाके में आतंकी घटना हुई थी। इसके बाद सेना ने मेरे सहित 32 लोगों से पूछताछ की थी। आतंकियों में शामिल एक युवक को मैंने जानने की बात स्वीकार की थी, क्योंकि मैं उसके इलाके में रहता था।

कैसर ने कहा- मेरे इस जवाब पर मुझे पीटा गया, आतंकी हमले के दौरान मौके पर मौजूद होने की बात कही गई। मैंने जब इसका जवाब न में दिया तो मुझे और पीटा गया। तभी वहां सेना के एक बड़े अधिकारी पहुंचे। उन्होंने मुझसे पूछा कि मैं क्या बनना चाहता हूं, तब मैंने कहा था- आतंकी।

## महाराष्ट्र में चुनाव के नाम पर कर्नाटक में वसूली,पीएम मोदी का कांग्रेस पर हमला

**मुंबई,एजेन्सी।** महाराष्ट्र के अकोला में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला. पीएम मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र में चुनाव के नाम पर कर्नाटक में वसूली डबल हो गई है. पीएम मोदी ने कहा कि चुनाव महाराष्ट्र में है और वसूली कर्नाटक में हो रही है. आरोप है कि कर्नाटक में इन लोगों ने शराब के दुकानदारों से 700 करोड़ रुपये की वसूली कराई है।

पीएम मोदी ने कहा कि जहां कांग्रेस की सरकार बन जाती है, वो राज्य कांग्रेस के शाही परिवार का एटीएम बन जाता है. इन दिनों हिमाचल, तेलंगाना और कर्नाटक कांग्रेस के शाही परिवार के एटीएम बन गए हैं. यहां वसूली डबल हो गई है. आप कल्पना कर सकते हैं कि जो कांग्रेस पार्टी घोटाला करके चुनाव लड़ रही हो, वो चुनाव जीतने के बाद कितने घोटाले करेगी।

'महाराष्ट्र का आशीर्वाद बीजेपी के साथ है'

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें महाराष्ट्रमें बहुत सावधान रहना है. हम महाराष्ट्र को महाअघाड़ी के महा घोटालेबाजों का ATM नहीं बनने देंगे. महाराष्ट्र का आशीर्वाद बीजेपी के साथ है. महाराष्ट्र ने मुझे दिल खोलकर आशीर्वाद दिया है. महाराष्ट्र की सेवा का सुख ही अलग है. उन्होंने कहा कि अभी केंद्र में मेरी सरकार को आए केवल पांच महीने ही हुए हैं. इन पांच महीनों में हमने महाराष्ट्र में कई योजनाएं शुरू की हैं ।

**'महाराष्ट्र के विकास को डबल करेगी महायुति':** पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 2 कार्यकाल में 4 करोड़ घर बनाकर दिए. गरीबों के लिए 3 करोड़ और नए आवास बनाए जाएंगे. महाराष्ट्र में गरीबों के पक्के घर का सपना पूरा होगा. प्रधानमंत्री ने कहा कि बीजेपी की सरकार गरीबों के लिए काम करती है. महायुति सरकार महाराष्ट्र के विकास को डबल गति से आगे बढ़ाएगी. हमारे लिए राष्ट्र प्रथम की भावना सर्वोपरि है. राष्ट्र प्रथम की भावना ही भारत की असली ताकत है.

**'कांग्रेस अलग-अलग जातियों को लड़ाना चाहती'** -प्रधाननंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जानती है, देश जितना कमजोर होगा, कांग्रेस उतनी मजबूत होगी इसलिए अलग-अलग जातियों को लड़ाना चाहती है और यही कांग्रेस की फितरत है. आजादी के बाद से ही कांग्रेस ने कभी हमारे दलित समाज को एकजुट नहीं होने दिया, कांग्रेस ने हमारे एसटी समाज को भी अलग-अलग जातियों में बांटकर रखा. ओबीसी नाम सुनते ही कांग्रेस चिढ जाती है ।



### पाकिस्तान में क्वेटा रेलवे स्टेशन पर सुसाइड अटैक

# धमाके में 26 लोगों की मौत, इनमें 14 सैनिक; बलूच लिबरेशन आर्मी ने जिम्मेदारी ली

**इस्लामाबाद,एजेन्सी।** पाकिस्तान के क्वेटा रेलवे स्टेशन पर शनिवार सुबह ब्लास्ट में 26 लोगों की मौत हो गई। धमाके में 50 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। पाकिस्तान मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हमले की जिम्मेदारी मिलिटेंट ग्रुप बलूच लिबरेशन आर्मी (BLA) ने ली है। BLA प्रवक्ता ने कहा कि आत्मघाती हमले को मजीद ब्रिगेड यूनिट ने अंजाम दिया। उनका निशाना इन्फैंट्री स्कूल के सैनिक थे, जो कोर्स पूरा कर जाफर एक्सप्रेस से पेशावर जाने वाले थे।



अधिकारियों ने बताया कि कई घायल यात्रियों की मौत अस्पताल में हुई। क्वेटा सिविल हॉस्पिटल के प्रवक्ता वसीम बैग ने पाकिस्तानी अखबार द डॉन को बताया कि मारे गए लोगों में 14 आर्मी जवान और 12 आम नागरिक हैं।

उधर, अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि नहीं की है कि इस हमले के पीछे BLA है। उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच में यह एक सुसाइड ब्लास्ट लग रहा है।

## जम्मू-कश्मीर में सेना ने एक आतंकी को मार गिराया

### सोपोर के रामपुर जंगल में एनकाउंटर जारी; पहले भी दो आतंकी मारे गए थे

**बारामूला,एजेन्सी।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला के सोपोर में शनिवार शाम को सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया है। इससे पहले 8 नवंबर को सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया था। इसके बाद से ही सोपोर में सर्च ऑपरेशन जारी है। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को रामपुर जंगल में 2-3 आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद से सुरक्षाबलों का जॉइंट सर्च ऑपरेशन जारी है। इसी दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में एक आतंकी मारा गया है। एनकाउंटर जारी है।



# झूठ बोलना बंद करो, कभी नहीं मिलेगा कश्मीर

### यूएन के मंच से सुधांशु त्रिवेदी ने पाकिस्तान की लगाई क्लास

**जिनेवा (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र में शांति रक्षा अभियानों पर बहस के दौरान पाकिस्तान द्वारा जम्मू कश्मीर का जिक्र किए जाने पर भारत ने पड़ोसी देश पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए उसकी आलोचना की। राज्यसभा सदस्य और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, ''भारत ने पाकिस्तान द्वारा की गईं टिप्पणियों पर जवाब देने के अपने अधिकार को चुना है, जिसने एक बार फिर इस प्रतिष्ठित निकाय को अपने एजेंडे से भटकाने का प्रयास किया है।'' उन्होंने शुक्रवार को यहां संयुक्त राष्ट्र महासभा की विशेष राजनीतिक एवं वि-उपनिवेशीकरण (चौथी समिति) में शांति रक्षा अभियानों पर चर्चा के दौरान ये टिप्पणियां कीं। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर ''भारत का अभिन्न अंग था, है, और हमेशा रहेगा।'' उन्होंने कहा, ''जम्मू कश्मीर के लोगों ने हाल में अपने लोकतांत्रिक और चुनाव अधिकारों का इस्तेमाल किया तथा एक नई सरकार चुनी। पाकिस्तान को ऐसी बयानबाजी और झूठ से बाज आना चाहिए क्योंकि इससे तथ्य नहीं बदलेंगे।'' उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के इस मंच के प्रतिष्ठित सदस्यों के सम्मान में भारत संयुक्त राष्ट्र की प्रक्रियाओं का दुरुपयोग करने के पाकिस्तान के किसी भी प्रयास का जवाब देने से परहेज करेगा। उन्होंने भारत की ओर से यह कड़ी प्रतिक्रिया तब दी है जब पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने नियंत्रण रेखा पर संघर्षविराम पर नजर रखने वाले भारत और पाकिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सैन्य पर्यवेक्षक समूह (यूएनएमओजीआईपी) के बारे में बात की। भारत का कहना है कि शिमला समझौते और उसके परिणामस्वरूप नियंत्रण रेखा की स्थापना के बाद यूएनएमओजीआईपी की उपयोगिता समाप्त हो गई है और यह अप्रासंगिक है।

## लद्दाख में गोला-बारूद का एक और स्टोरेज चाहते हैं सुरक्षा बल

### पर्यावरण मंत्रालय से मांगी मंजूरी,हानले और फोती ला में मांगी जगह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्रालय लद्दाख में अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने के लिए और गोला-बारूद रखने की जगह बनाने की तैयारी कर रहा है। हमारे सहयोगी अखबार ET को मिली जानकारी के अनुसार, इससे सैन्य यूनिट्स को ऑपरेशनल तैनाती के दौरान गोला-बारूद की उपलब्धता बेहतर होगी। यह प्लान खासतौर पर पूर्वी लद्दाख के उन इलाकों के लिए बनाया जा रहा है जो चीन की सीमा से सटे हैं। इन इलाकों में गलवान घाटी भी शामिल है जहां 2020 में भारत और चीनी सैनिकों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, लद्दाख में गोला-बारूद स्टोरेज और बढ़ाने के अलावा, सुरक्षा बलों ने लुकुंग में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के लिए भी अहम प्रस्ताव भेजे हैं। लुकुंग पैंगोंग त्सो झील के किनारे बसा एक गांव है। इसके अलावा, सुरक्षा बलों का प्लान दुर्बुक इलाके में भी उपस्थिति बढ़ाने की है। अप्रैल और जुलाई 2023 के बीच भेजे गए ये प्रस्ताव पर्यावरण मंत्रालय से मंजूरी मिलने का इंतजार कर रहे हैं। डिफेंस फोर्स का कहना है कि लद्दाख के फॉरवर्ड इलाकों में, खासकर ऑपरेशन के शुरुआती फेज में, लड़ाकू सामान का होना बेहद जरूरी है। जो प्रस्ताव भेजे गए हैं उनमें हानले और फोती ला के पास रणनीतिक स्थानों पर फॉर्मेशन एम्युनिशन स्टोरेज फैसिलिटी (FASF) स्थापित करना शामिल है। इसके अलावा, स्ट्रेटजिक लोकेशन के अन्य स्थानों पर भूमिगत गुफाएं बनाने की भी योजना है। यह वही इलाका है जहां वर्तमान में सैन्य यूनिट्स तैनात हैं। खासकर हानले, पुंगुक, फोती ला और पूर्वी लद्दाख के कोयुल जैसे अग्रिम क्षेत्रों में। वर्तमान में, यहां अधिकांश गोला-बारूद को अस्थायी तरीके से स्टोर किया जाता है।





# राज्यस्तरीय प्रधानमंत्री ग्रामीण तैराकी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

*प्रतिभागियों की सुरक्षा के लिए 02 एसडीआरएफ मोटर वोट के साथ 6 जवानों की है प्रतिनियुक्ति, फ्री-स्टाइल, बैक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक और बटरफ्लाई विधा में 25 मीटर, 50 मीटर व 100 मीटर के कराए गए इवेंट*

### रुडी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में फिट इण्डिया अभियान से ग्रामीण स्तर पर खेलों को नयी पहचान मिली

### बालक एवं बालिका तैराकों को मढ़ौरा एसडीएम डॉ प्रेरणा सिंह और डीएसपी नरेश पासवान ने उत्साहित किया

**दैनिक खोज खबर/अमनौर(सारण)।** खेलों इंडिया कार्यक्रम के तहत शनिवार को स्थानीय पर्यटक स्थल बड़ा पोखरा पर राज्यस्तरीय प्रधानमंत्री ग्रामीण तैराकी प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ.तैराकी प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से आये 341 तैराकों ने विभिन्न वर्गों में भाग लिया.तैराकी प्रतियोगिता में अंडर-14 से 16 तथा 17 से 18 आयु वर्ग में 50 मीटर, अंडर 19 से 21 आयु वर्ग व ओपन वर्ग में 100 मीटर की दूरी तय की गई थी. जिसमें 50 मीटर तथा 100 मीटर में चयनित प्रतिभागियों का रविवार को फाइनल में जगह बनाना पड़ेगा. फाइनल में सफल प्रतिभागियों को रविवार को पुरस्कृत किया जाएगा.तैराकी प्रतियोगिता से प्रतिभागियों व दर्शकों में काफी उत्साह देखा गया.कार्यक्रम की उद्घाटन कर स्थानीय सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रुडी ने प्रतियोगिता का शुभारम्भ कराया.वहीं उनकी पुत्री अतिशा प्रताप ने पूरे इवेंट को संचालित कर रही थी. इस मौके पर सांसद श्री रूडी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का आयोजन अपने आप में यह अनोखा प्रयास है.शहरों मे स्विमिंग पूल होते हैं वहां तैराकी प्रतियोगिता होती है. ग्रामीण परिवेश में राज्यस्तरीय तैराकी प्रतियोगिता से सारण जिला व बिहार के नौजवानों को एक नया रास्ता दिखाने तथा स्पोर्ट्स में आगे लाने तथा अपने हुनर का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा. मालूम हो कि रविवार को फाइनल मुकाबले के दिन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भोजपुरी गायिका अनुपमा यादव तथा विशिष्ट अतिथि भोजपुरी गायिका निशा उपाध्याय उपस्थिति रहेगी.इसके अलावा खेलों से जुड़े हुए खेल विशेषज्ञ और खिलाड़ियों को भी आमंत्रित किया गया है.ताकि वे युवा खिलाड़ियों को न केवल स्वास्थ्य तक खेल को सीमित रख सकें.बल्कि इसे अपना पैशन और कैरियर भी बना सके.इस तरीके से उनको उत्प्रेरित करने के लिए खेल स्टार की भी उपस्थिति होगीइस मौके पर मुख्य रूप से विधायक कृष्ण कुमार उर्फ मंटू सिंह, भाजपा नेता निरंजन शर्मा, राकेश सिंह, मनोज कुमार सिंह, धर्मेन्द्र कुमार साह, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष मीना अरुण, अरुण सिंह, समेत आयोजन समिति के अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## शिविर में हुआ गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** सीएचसी मशरक पर प्रधानमंत्री सुरक्षा मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें क्षेत्र की करीब 150 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके अलावा दवाइयां भी दी गईं। शिविर में प्रभारी डॉ संजय कुमार ने महिलाओं को सलाह देते हुए कहा कि सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए हर महीने दो शिविर लगाए जाते हैं। उन्होनें कहा कि कोशिश करें कि जब भी संभव हो आप स्वस्थ, संतुलित आहार ही खाएं। रोजाना कम से कम पांच हिस्से फल और सब्जियां स्टार्चयुक्त भोजन जैसे चावल, रोटी, ब्रेड और पास्ता आदि का शामिल करे।




## नौ दिवसीय श्री श्री 1008 लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर निकली जलभरी शोभायात्रा

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज (सारण)** सदर प्रखंड के महाराजगंज एवं चिरांद पंचायत के सीमावर्ती क्षेत्र धर्मपुरा गांव में श्रीं श्रीं 1008 अनंत विभूषित आदित्य नारायणाचार्य दुधीया जी महाराज जी के सानिध्य में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया है । जिसके लिए आज जलभरी शोभायात्रा निकाली गई। जलभरी शोभायात्रा यज्ञ परिसर से तीन महुआ , चिरांद मोड़, लोदीपुर होते हुए चिरांद के तिवारी घाट पहुंची। जहां मां गंगा की पूजा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ करते हुए जलभरी की गई और जल को यज्ञ स्थल पर लाया गया। जलभरी शोभायात्रा में हाथी घोड़े,बैंड बाजा के साथ काफी संख्या में महिला, पुरुष, बच्चों श्रद्धालुओं ने इस कलशयात्रा में शामिल थे। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि 9 नवंबर से 17 नवंबर 2024 तक महालक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन होगा। जिसमें आज जलभरी हुआ और 10 नवंबर को यज्ञ मंडप में अग्नि प्रज्जवलित कर यज्ञ विधिवत प्रारम्भ होगा। वहीं प्रतिदिन रात्रि में विभिन्न जगहों से आऐ साधु संतों के मधुर वाणी से प्रवचन होगा और कलाकारों के द्वारा राम लीला का भी आयोजन किया जाएगा । इस महायज्ञ के आयोजन में शामिल यज्ञ के सचिव अतुल सिंह उर्फ मुन्ना, मुखिया प्रतिनिधि राजेश्वर चौधरी, उप मुखिया संतोष कुमार यादव उर्फ लकड़ी राय,मनोज सिंह, सहित धर्मपुरा,चिरांद, बदलपुरा, रसूलपुरा सहित नजदीकी गांव के श्रद्धालु लोग शामिल थे।

## राजद नेता सुधांशु रंजन ने गया जाकर तेजस्वी यादव का मनाया जन्मदिन

### ईश्वर से यही कामना है कि तेजस्वी यादव बिहार की बागडोर संभाले : सुधांशु रंजन

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** एक सकारात्मक माहौल और विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के संदेश के रूप में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का 35 वॉ जन्मदिन मनाया गया। क्योंकि तेजस्वी यादव बिहार के युवा नेता हैं और राज्य के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय रहेगा। उनका नेतृत्व बिहार की राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान रखता है और उन्होंने हमेशा राज्य के गरीब, किसानों और आम आदमी की आवाज को उठाया है। उक्त बातें सारण स्थानीय निकाय के पूर्व प्रत्याशी सह राजद नेता सुधांशु रंजन पाण्डेय ने बिहार के गया में तेजस्वी यादव से साथ उनका जन्मदिन मनाने के बाद कही।



राजद नेता सुधांशु रंजन पाण्डेय ने कहा कि तेजस्वी यादव ने बिहार की जनता को सिर्फ आश्वासन ही नहीं दिया है, बल्कि उसको पूरा भी किया है। क्योंकि उपमुख्यमंत्री काल के दौरान उन्होंने बिहार के लोगों को बेरोजगारों को रोजगार देना, किसानों को उचित मूल्य दिलाना, अनाथ लोगों को जगह देना और विद्यार्थियों के लिए अच्छा शिक्षा देना, बीमार लोगों को अस्पताल में अच्छा दवा देना, जहां बिहार में कमी मिले इसकी सुनवाई करने का आश्वासन शायद तेजस्वी के सिवाय इस देश में किसी ने दिया है। आने वाले दिनों में बिहार की बागडोर संभाले ईश्वर से यही कामना करते हैं।

सुधांशु रंजन पाण्डेय ने यह भी बताया कि बिहार के भावी मुख्यमंत्री सह पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से सारण जिले की समस्याओं से अवगत कराने के बाद गया शहर के विभिन्न हिस्सों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। साथ ही लोगों से तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बिहार के विकास को लेकर समर्थन मांगा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को भी सक्रिय रूप से जनता के बीच काम करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर राजद के राज्यसभा सांसद संजय यादव, राजद नेता सुधांशु रंजन पाण्डेय और सारिक भाई के अलावा पार्टी के दर्जनों राजद नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नाली निर्माण अधूरा, राहगीर हो रहे परेशान

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** दिघवारा प्रखंड क्षेत्र के मानोपुर पंचायत स्थित इशुपुर नवलटोला गांव में आमी सिवान से गुपस्थान तक व कामेश्वर राय के घर से एनएच 19 तक सड़क निर्माण कर रही कंपनी अभय कंस्ट्रक्शन के द्वारा पिछले एक साल से नाली निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है।जिसके कारण अर्धनिर्मित नाली दुकानदारों, राहगीरों और छोटे बड़े वाहन चालकों व पीडीएस राशन उठाना वाले लाभुकों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।ग्रामीण राजेंद्र राय, दीपक कुमार यादव,प्रमोद राय, तारकेश्वर राय,लालू कुमार, रंजन कुमार यादव आदि ने बताया कि इस गड्डों में प्रायः छोटी मोटी घटनाएं होती रहती है।गौरतलब है कि संवेदक भी मनमानी पूर्ण कार्य करके छोड़ चुका है। कहीं नाली में ढक्कन नहीं है जो दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है।वही घरों के छोटे छोटे बच्चों की भी जान जोखिम बनी हुई है। पीडीएस दुकानदार ने बताया कि बुधवार को रात्रि में गाय गिर जाने से उसके शरीर मे खरोच आ गया।बड़ी मुश्किल से गड्ढे से बाहर निकाला गया व पीडीएस दुकान के अनाज उठाने आ रहे ग्राहकों की काफी परेशानी झेलनी पड़ रही हैं। यही नहीं वहां के ग्रामीणों ने कई बार शिकायत किया कि नाली निर्माण तत्काल कर दिया जाय,लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंता सुबोध कुमार ने बताया कि मजदूर की कमी की वजह से कार्य बंद है, वैसे ठीकेदार को निर्देश दिया गया है कि जल्द से जल्द नाली निर्माण कार्य पूर्ण कराए।

## चोरी की तीन मोटरसाइकिल के साथ दो अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/अमनौर(सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मणिसीरिसिया ब्रहम स्थान के पास से पुलिस ने चोरी के तीन मोटरसाइकिल तथा चार मोबाइल फोन के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है.पकड़े गये युवको में मढ़ौरा थाना क्षेत्र के वैश्य टोला गाँव निवासी विकास कुमार उर्फ मिसरी तथा टेहटी निवासी सिटू कुमार बताया गया है.इस मामले में अमनौर पुलिस ने बताया कि शुक्रवार की शाम संध्या गश्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर मणिसीरिसिया ब्रहम स्थान के पास पुलिस दलबल के साथ छापेमारी करने पहुंची तो अपराधी भगाने लगे जिसका पीछा करते हुए पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दिया.जिसके पास से चोरी के चार मोबाइल फोन तथा तीन मोटरसाइकिल बरामद किया. मोटरसाइकिल के कागजात की मांग करने पर दोनों युवकों द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया जिसको लेकर पुलिस को दोनों ने थाना कांड संख्या 361/24 लूट कांड में अपनी अपनी संलिप्तता एवं सहभागिता स्वीकार किया.जिसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया. छापेमारी दल में थानाध्यक्ष कुंदन कुमार, प्रपुअनिजयंत कुमार सिंह, आयुष कुमार,पुअनि.मोअख्तर खान, सिपाही रवि राज रंजन आदि पुलिस कर्मी शामिल थे।

## इसुआपुर में पैक्स चुनाव को लेकर एन आर काटना प्रारंभ

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** प्रखंड के 11 पंचायतों में में होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने नाजीर रशीद कटवाना शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार शनिवार को लौवां पंचायत से राजेश राय, हरेंद्र राय, सुनील राय छपिया पंचायत से मणिकांत प्रसाद यादव, हरि किशोर राय तथा केरवां पंचायत से जगदीश राय ने नजीर रशीद कटवाया। यह 13 नवंबर तक कटेगा। कृषि साख समिति का चुनाव इसुआपुर प्रखंड में दूसरे चरण में 27 नवंबर को करवाया जाएगा। यह जानकारी सीओ सह प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी करुण करण ने दिया।

## चारपहिया कार से गांजा बरामद



**दैनिक खोज खबर/लहलादपुर(सारण)।** हरपुरकोठी गांव से पुलिस ने एक चारपहिया कार से तीस किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने गांजा के साथ एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर सिवान जिले के भगवानपुर थाना के सकरी गांव का पंकज कुमार सिंह बताया गया है। जबकि कार का मालिक सह ड्राइवर जनता बाजार थाना क्षेत्र के दंदासपुर गांव का विजय कुमार फरार हो गया। पुलिस ने कार व गांजा को जब्त कर लिया है। थानाध्यक्ष टुनटुन कुमार ने बताया की शुक्रवार की देर शाम वाहन चेकिंग के दरम्यान गांजा की खेप पकड़ी गयी है। पुलिस ने बताया की गांजा बिक्री के नेटवर्क में कई सफेदपोश शामिल है। गौरतलब है की सारण व सिवान जिले की सीमा लगने की वजह से गांजा तस्कर इसे सेफ जोन मानते है। गांजा तस्करो के लिये यह रुट सबसे सेफ रुट है। इससे पहले कटेया बाजार से भी गांजा की बड़ी खेप बरामद हुई थी।

## सारण डीएम ने सोनपुर मेला स्थलों का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला की तैयारी को लेकर सारण डीएम ने शनिवार को सोनपुर पहुँच कर मेला क्षेत्र का स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान मौके पर उपस्थित अधिकारियो को दिशा निर्देश देते हुए मेला उद्घाटन से पूर्व मेला क्षेत्र मे लगने वाली दुकान के जगह आवंटित करते हुए उद्घाटन से पूर्व तैयारी करने का निर्देश दिए। सोनपुर मेला के प्रारंभ से परम्परा रही है कि सोनपुर मेला का उद्??घाटन बिहार के मुख्यमंत्री करते थे और राज्यपाल डाक बंगला मैदान में आकर पशु पुरस्कार वितरण समारोह में पशु पालकों को पुरस्कृत करते थे। हर विभाग के मंत्री आकर मेला को और विकसित करने के लिए चर्चा करते थे। यह परम्परा लालू प्रसाद और राबड़ी देवी तक चलता रहा लेकिन बिहार के जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बने तब से यह परम्परा ध्वस्त हो गया। हां ! सच है कि नीतीश कुमार जब मुख्यमंत्री बने तो पहलीवार 2006 में सोनपुर मेला आये थे। लेकिन उसके बाद नीतीश कुमार लगातार मुख्यमंत्री बन रहे हैं, परन्तु वर्ष 2006 के बाद दुबारे कभी भी सोनपुर मेला नहीं आये। स्थानीय लोगों की माने तो मेला दिन पर दिन




सिमटती जा रही है अब तो मेला समापन के कुछ दिन शेष रहते है तब प्रदर्शनी का उद्घाटन होता। जिस उद्देश्य से मेला मे प्रदर्शनी लगाई जाती है और करोड़ो रूपये खर्च होते है उस उद्देश्य के पूर्ति नहीं हो पाती है क्योंकि मेला देखने के लिए लाखों लोग आते है और समयानुसार प्रदर्शनी नहीं लगने के कारण लोग उस प्रदर्शनी का लाभ नहीं उठा पाते है। भले ही सरकार के करोड़ों रूपये नुकशान हो जाते है ठीकदारो को आमदनी हो जाती है लेकिन मेलार्थियों को मेला से लभान्वित नहीं होते है। इस समस्याओं को लेकर मुख्य मंच से हर साल मेला मे हो रही समस्याओं को विभागीय अधिकारियो, मंत्रियों को अवगत कराया जाता है लेकिन इसका असर कुछ नहीं पड़ता है। हद तो तब हो जाती है जब मेला उद्घाटन से लेकर समापन हो जाती है लेकिन प्रदर्शनी का उद्घाटन के वाट जोहते -जोहते प्रदर्शनी बिना उद्घाटन के ही लगाई गयी प्रदर्शनी को समापन के बाद हटा ली जाती है। कभी यह मेला का नाम विश्व प्रशिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर के नाम से विख्यात था अब तो हरिहर क्षेत्र मेला रह गया है। विश्व प्रशिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला की पहचान के किसकी नजर लग गयी जो अब हरिहर क्षेत्र मेला मे सिमट गयी।

# छठ घाट पर हुए नाव हादसा प्रशासनिक चूक या लापरवाही !

## नाव हादसे में दो युवकों की मौत का आखिर जिम्मेवार कौन ?

**दैनिक खोज खबर/तरैया(सारण)।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के पारण के दिन हुए नव हादसे को लेकर लोगों ने कई तरह के सवाल खड़े कर दिए हैं। नाव हादसे में दो युवकों की मौत के बाद तरह-तरह के चर्चाएं और आरोप लग रहे हैं। प्रखंड के पंचभिंडा और भगवतपुर पंचायत के सीमावर्ती इलाके में स्थित लगभग 14 बीघा सरकारी पोखर में छठ पूजा के दौरान हुए नाव हादसे में पचभिण्डा गांव निवासी स्व.बैजनाथ सिंह के पुत्र बिट्टू कुमार एवं दसई मांझी के पुत्र सूरज कुमार की पानी में डूबने से मौत हो गई थी। इन दोनों युवकों की मौत को लेकर कई तरह के सवाल खड़े हो गए हैं। कि आखिरकार दोनों युवके के मौत का जिम्मेवार कौन हैं? सबसे बड़ा सवाल हैं कि 14 बीघा की सरकारी पोखर में दो पंचायत के बीच दो छठ घाटों का निर्माण हुआ है जिस पर करीब दोनों पंचायत के पांच हजार से अधिक लोग छठ पूजा के दौरान वहां शामिल होते हैं। लेकिन इतनी अत्यधिक भीड़ होने और सरकारी पोखर होने के बावजूद उक्त स्थल पर आखिर क्यों नहीं किसी पुलिस पदाधिकारी या दंडाधिकारी और किसी चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति की गई? इतनी बड़ी पोखर और काफी गड्ढा होने के बावजूद एक छोटी नाव पर क्षमता से अधिक लोग क्यो हुए सवार? क्या पैसों के लिए नाविक द्वारा क्षमता से अधिक लोगों को नाव में सवार कर किया जा रहा था परिचालन? इन सभी सवालों को लेकर लोग चर्चा कर रहे हैं और घटना से काफी मर्माहत हैं। लोगों का कहना हैं कि अगर वहां पुलिस पदाधिकारी और



दंडाधिकारी या चिकित्सक की रहती तैनाती तो इतनी बड़ी हादसा नहीं होती। स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त पोखर पर छठ पूजा के दौरान सरकारी स्तर पर किसी तरह की लाइट व अन्य सुविधाओं की व्यवस्था नही की गई थी। वहीं इतनी बड़ी पोखर में टिन के नाव पर क्षमता से अधिक लोगों को सवार कर परिचालन किया जा रहा था, जो हादसे का शिकार हो गया। गनीमत रही कि नाव पलटने के साथ ही स्थानीय नवयुवक कूदकर नाव पर सवार अन्य लोगों की जान बचाई अन्यथा यह संख्या और भी बढ़ सकता था। बताया जाता हैं कि नाव पर 10 से 15 युवक सवार थे। वहीं नाव हादसे में दो युवकों की मौत को लेकर अभी भी पचभिण्डा गांव का माहौल गमगीन बना हुआ है।

# नवादा गांव के गौरव ने यूजीसी नेट किया क्वालीफाई, दक्षिण रेलवे में मैकेनिक असिस्टेंट हैं गौरव

## गांव के प्राइमरी व हाईस्कूल में पढ़े गौरव के पिता वेद प्रकाश सिंह हैं शिक्षक

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी दंपति-वेद प्रकाश सिंह (शिक्षक) व सीमा सिंह के पुत्र उत्कल राज गौरव ने यूजीसी नेट में सफलता हासिल कर अपने गांव, क्षेत्र व स्कूलों को गौरवान्वित किया है।गांव के प्राइमरी व हाईस्कूल में पढ़ कर गौरव करीब डेढ़ साल पहले दक्षिण रेलवे के त्रिची डिविजन के त्रिची जंक्शन पर असिस्टेंट के पद पर योगदान कर चुके है।नौकरी करते हुए हीं यूजीसी नेट की परीक्षा में सफलता हासिल की है।असिस्टेंट प्रोफेसर और पीएचडी के लिए क्वालीफाई करने वाले उत्कल राज गौरव ने बताया कि उनका लक्ष्य विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में भारत की शिक्षा व्यवस्या और अनुसंधान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना है। उत्कल अपनी सफलता का श्रेय माता पिता एवं छोटे भाई को देते है, जिन्होनें समय-समय पर उनका उत्साहवर्धन किया। सफलता हासिल करने पर आफताब आलम (लाइब्रेरी साइंस) विभागध्यक्ष, नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी सहित गांव के गणमान्य लोगों ने गौरव को बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



(उत्कल राज गौरव)

# बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव का जन्मदिन शनिवार को तरैया स्थित पार्टी कार्यालय पर तरैया के पूर्व विधायक मुद्रिका प्रसाद राय के नेतृत्व में उनके समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर केक काट कर राजद के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने तेजस्वी यादव को शुभकामनाएं दीं और उनके स्वास्थ्य एवं लंबी उम्र की कामना की। इस दौरान पूर्व विधायक श्री राय ने उनके योगदान को सराहा और कहा कि तेजस्वी जी ने अपने कार्यों से राज्य की राजनीति में एक नई दिशा दी है। आगे कहा कि जनता की सेवा ही उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। मौके पर उपस्थित पूर्व मुखिया वीर बहादुर राय, तारकेश्वर राय, रामजी रौशन, नंदकिशोर राय, मोहम्मद आजाद उर्फ टनटन, अखिलेश यादव, प्रेमचंद सिंह कुशवाहा, भिखारी राय, रविंद्र राय, डॉ वकील राय, विजय कुमार यादव, ललन राय समेत अन्य दर्जनों कार्यकर्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

## शिल्हौरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान शिल्हौरी महोत्सव की उठी मांग

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)** । छठ पर्व के दूसरे दिन शिल्हौरी मंदिर शिव पोखर घाट पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम भाई का प्यार नाटक का उद्घाटन पूर्व मंत्री जितेंद्र कुमार राय के कर कमलों से संपन्न हुआ । पूर्व मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि इंटरनेट और सिनेमा की दुनिया से पूर्व हमारी संस्कृति में नाटकों का प्रचलन रहा है । इसके माध्यम से समाज की अच्छाइयों और बुराइयों को आम जनों के समक्ष प्रस्तुत कर समाज को संदेश देने की परम्परा रही है । इस कला को आज भी हमारे लोगों ने जीवित रखा है । इसके लिए हमारे ये भाई , मित्र और अभिभावक बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर नाटक के कलाकारो विजय, रूपेश , लगन और निर्देशक सतीश प्रसाद यादव सहित अन्य कलाकारो और सहयोगियों पूर्व मंत्री द्वारा सम्मानित भी किया गया। इसी क्रम में पूर्व मंत्री के स्वागत के क्रम में ऐतिहासिक और पौराणिक नगरी शिल्हौरी में शिलानाथ मंदिर की प्राचीनता को लेकर शिल्हौरी महोत्सव के आयोजन की बाते भी हुई जिसका तमाम उपस्थिति ने करतल ध्वनि से समर्थन किया । पुरातात्विक दृष्टि से मंदिर के काल निर्धारण में काले पत्थरों के इस्तेमाल से इसे पाल कालीन मंदिर माना गया है । इस हिसाब से इसे कम से कम हजार वर्ष पुराना तो माना ही जाना चाहिए । इस आधार पर शिल्हौरी महोत्सव का आयोजन किया जा सकता है । उक्त उद्घाटन समारोह में प्रो भूपेश भीम ,प्रो भागीरथ शास्त्री , जवाहर राय, शुभम राय, विवेक बजरंगी , अंकित कुमार , धनंजय कुमार , मनीष कुमार , जगनाथ राय, विष्णु गुप्ता , शोभित कुमार , उधारू साह सहित अन्य दर्जनों गणमान्य उपस्थित थे ।



## शिविर में 50 लोगों के हुए स्वास्थ्य परीक्षण, दी गई दवाएं

दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)। नगर पंचायत एकमा बाजार के वार्ड 4 में स्थित स्वयंसेवी संस्था जानकी एजुकेशनल एण्ड सोशल ट्रस्ट के सभागार में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व दवा वितरण शिविर का आयोजन डॉ.सत्य देव प्रसाद यादव की देखरेख में किया गया। शिविर में आंख, अस्थमा, हड्डी,नस, पेट,गला, मधुमेह व मौसमी बीमारियों की जांच की गई। जिसमें डॉ.एसडीपी यादव, डॉ.केडी यादव, डॉ.पंकज कुमार, डॉ.राजीव कुमार यादव, डॉ.शैलेश कुमार, डॉ. रवीन्द्र कुमार यादव, डॉ.संतोष कुमार, डॉ.अमित कुमार महतो आदि विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा 50 लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में स्वास्थ्य जांच करने के बाद मरीजों के बीच मुफ्त में आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराये गये। स्वास्थ्य जांच शिविर के सफल संचालन में ट्रस्ट सचिव रंजीत कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष कुमार ऋषिकेश, प्रो.अजित कुमार सिंह, कमल कुमार सिंह, वीरेन्द्र कुमार यादव, प्रमोद कुमार मिश्र, मनीष कुमार व धनन्जय कुमार ने सराहनीय सहयोग किया। इस शिविर में 50 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## भाकपा ने सर्वहारा विजय की नवंबर क्रांति की 107वीं वर्षगांठ मनाई



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)** । मढ़ौरा भाकपा के द्वारा बहुआरापट्टी में प्रो रजाक हुसैन की अध्यक्षता में महान नवंबर क्रांति की 107 वी वर्षगांठ का आयोजन किया गया । इस अवसर पर पार्टी ध्वज जिला सचिव रामबाबू सिंह ने फहराते हुए सर्वहारा की महान नवंबर क्रांति के नायक लेनिन के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया । तत्पश्चात उपस्थित किसान मजदूरों ने पुष्पांजलि किया । इसके साथ ही नवंबर क्रांति अमर रहे, महान लेनिन अमर रहें, साम्राज्यवाद मुर्दाबाद , पूंजीवाद मुर्दाबाद , समाजवाद जिंदाबाद आदि नरों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया । इस अवसर पर जिला सचिव रामबाबू सिंह एवं प्रो भूपेश भीम ने मुख्य रूप से सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महान नवंबर क्रांति एक युगांतकारी घटना है । इस क्रांति ने दुनिया में पहले पहल गैरबराबरी ,नस्लभेद ,लिंगभेद आदि मिटाने का काम किया ।इससे प्रेरणा लेते हुए अपने देश में भी किसान मजदूर एकता के बाल पर किसान मजदूरों का राज समाजवादी व्यवस्था की स्थापना के लिए सतत संघर्ष करने का संकल्प लेना होगा तभी इस आयोजन की सफलता होगी ।

## भेल्दी में सर्प डंस से व्यक्ति की मौत, मचा कोहराम

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** भेल्दी थाना क्षेत्र के रामचक गांव में शुक्रवार की रात सर्प डंस से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक रामचक के ही स्वर्गीय गजाधर महतो के 55 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पेशे से मजदूर सुनील कुमार रात्रि में शौच करने घर से बाहर अभी जा ही रहे थे कि उनके दरवाजे के समीप है अचानक उनके पैर में जहरीले सांप ने डांस लिया। काटने के बाद उन्हें ऐसा अनुमान हुआ कि किसी अन्य जीव ने उनके पैर में काट लिया है। मगर कुछ देर बाद उनके सिर में चक्कर आने लग गया और शरीर में बेचैनी बढ़ गई इसके बाद उन्होंने परिजनों को बताया। जिस जगह पर उन्होंने काटने की बात बताई वहां इट में देखा गया कि एक जहरीला सर्प छुपा हुआ है।इसके बाद लोग हरकत में आए स्थानीय लोगों के सहयोग से सुनील कुमार को इलाज के लिए मुजफ्फरपुर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी रेणु देवी दहाड़ मारकर रोने लगी। भाई सुदीश महतो,चाचा केदार महतो, भतीजा अर्जुन महतो व उनकी बहनों का रो-रोकर बुरा हाल था। घटना की सूचना होने पर थानाध्यक्ष संदीप कुमार मौके पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेजवाया। कटसा मुखिया गौतम साह ने पीड़ित परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान किया।

# बाइक दुर्घटना में दो युवक घायल सदर अस्पताल छपरा रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के मदारपुर गांव में बाइक दुर्घटना में दो युवकों को इलाज के लिए मदारपुर सरपंच दीपक कुमार के द्वारा सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। घायल मदारपुर गांव निवासी सलाउद्दीन अंसारी का 24 वर्षीय पुत्र हसमुद्दीन और अब्दुल सतार का 25 वर्षीय पुत्र दिलशाद अंसारी हैं। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया। सरपंच दीपक कुमार ने बताया कि दोनों सहाजितपुर से बाइक पर सवार होकर आ रहें थें कि मदारपुर गांव में ब्रह्म बाबा के पास अनियंत्रित अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए जिसमें दोनों घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए भर्ती कराया गया और परिजनों को सूचना दी गई। वहीं गंभीर हालत देख चिकित्सक ने सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया।

## जमीनी विवाद में देशी कट्टा से मारपीट, विडियो वायरल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के धवरी गोपाल गांव में जमीनी विवाद में मारपीट का विडियो वायरल हुआ है जिसमें मौके पर ग्रामीणों ने युवक को पकड़ 112 पुलिस टीम को सौप दिया। मामले में धवरी गोपाल गांव निवासी तारकेश्वर सिंह ने बताया कि उनका जमीनी विवाद पड़ोसी से चल रहा है उसी में वे दरवाजे पर बैठें थे कि दौरान एक युवक देशी कट्टा लेकर पहुंचा और गाली गलौज करने लगा और माथे पर मार कर घायल कर दिया। जिसमें पूरे परिवार के साथ उन्होंने उक्त युवक को पकड़ लिया और पुलिस 112 टीम को बुला कर सौंप दिया। मामले में थाना पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। वहीं मामले का एक विडियो भी बना लिया गया जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# रामबाग घंटी बाबा के दरबार में श्री मारुति नंदन महायज्ञ को लेकर हुआ ध्वजारोहण

## नारायणी तट के प्रसिद्ध संत शिरोमणि नारद बाबा के सानिध्य में हुआ ध्वजारोहण कार्यक्रम



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखण्ड के रामबाग स्थित संकट मोचन घंटी बाबा के दरबार आगामी 01 फरवरी 2025 से 09 फरवरी 2025 तक आयोजित नौ दिवसिय श्री मारुति नंदन महायज्ञ को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। वहीं महायज्ञ को लेकर शनिवार को यज्ञ स्थल पर नारायणी तट के प्रसिद्ध संत शिरोमणि नारद बाबा के सानिध्य में आचार्यों व पंडितों के पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच ध्वजारोहण किया गया। इस आशय की जानकारी देते हुए मंदिर के संयोजक देवकुमार सिंह ने बताया कि परम-पूज्य संत शिरोमणि स्वामी श्री नारद जी महाराज के पावन सानिध्य में ध्वजारोहण समारोह पूर्वक संपन्न करवाया गया है। रामबाग स्थित संकट मोचन घंटी बाबा के दरबार में आगामी 01 फरवरी 2025 से 09 फरवरी 2025 तक शिव परिवार एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मारुति नंदन महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जो कि अपने आप काफी भक्ति एवं श्रद्धापूर्वक होगा। वही ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान काफी संख्या में भक्त श्रद्धालु मौके पर जुटे हुए थे।

## ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत

**इसुआपुर(सारण)।** थाना क्षेत्र के अगौथर रेलवे हाल्ट पर 40 बर्षीय एक व्यक्ति की मौत ट्रेन से कटकर हो गई घ़टना की खबर पर पुलिस घटनास्थल पर गईतथा शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दियाशव का शिनाख्त नहीं हो पाया है।थानाध्यक्ष कमल राम ने बताया कि घटना स्थल पर पुलिस फोर्स भेजी गई थी। स्थानीय लोगों से पूछताछ के बाद भी मृतक का पहचान नही हो सका.

## मशरक जंक्शन परिसर से अचेत वृद्ध महिला की सीएचसी में मौत

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक जंक्शन परिसर से एक अज्ञात वृद्ध महिला को आरपीएफ टीम के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ संजय कुमार ने मृत घोषित कर दिया। वहीं मृत वृद्ध महिला की पहचान तरैया थाना क्षेत्र के फेनहरा गांव निवासी त्रिभुनाथ राय की 65 वर्षीय पत्नी रेशमी देवी के रूप में हुई। आरपीएफ प्रभारी मशरक जंक्शन रमेश करक्कटा ने बताया कि ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल एम प्रसाद ड्यूटी पर थे कि प्लेटफार्म पर वृद्ध महिला अचेतावस्था में पड़ी थी। जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि वृद्ध महिला छठ के दिन से घर से लापता थी। वहीं दिमागी हालत ठीक नहीं थी। मृतक वृद्ध महिला को 3 पुत्र और 4 पुत्री हैं।

## आपसी विवाद में तलवारबाजी, चार जख्मी में दो रेफर

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के नौतन मठिया पर आपसी विवाद में हुई मारपीट में चार लोग जख्मी हो गे। सभी जख्मी का मढ़ौरा रेफरल अस्पताल में इलाज कराया गया। जहा दो की स्थिति गंभीर होने के कारण छपरा रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार सभी जख्मी आपस में रिश्तेदार बताए गए है। रेफरल अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर दिनेश कुमार ने बताया की जख्मी में नौतन मठिया निवासी सिराजुल मियां का 42 वर्षीय पुत्र मंजूर आलम, इस्लाम मियां का 28 वर्षीय पुत्र शहजाद आलम, शमीम आलम का 20 वर्षीय पुत्र आशिक अली और पप्पू आलम का 16 वर्षीय पुत्र शाहनवाज हुसैन का नाम शामिल है। इसमें मंजूर आलम के सिर में तलवार से गहरा जख्म और शहजाद आलम का एक उंगली कट जाने की बात बताई गई है।

## बाइक सवार में पैदल युवक को मारी ठोकर, दोनों जख्मी

**मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के कर्णपुरा सरकारी स्कूल के पास एक बाइक सवाद ने पैदल युवक को ठोकर मार दी। ठोकर लगने से बाइक सवार और पैदल युवक दोनों बुरी तरह से जख्मी हो गए। जख्मी को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मढ़ौरा लाया गया। जहां से दोनों जख्मी युवक को छपरा रेफर कर दिया गया। जख्मी में बाइक चालक विक्रमपुर निवासी ओम प्रकाश सिंह का 18 वर्षीय पुत्र बादल कुमार सिंह और पैदल युवक कर्णपुरा निवासी शिव शंकर साह का पुत्र 24 वर्षीय नीरज कुमार बताया गया है। जख्मी को रेफर किए जाने और अस्पताल से एंबुलेंस के नहीं मिलने पर परिजनों ने थोड़ी देर के लिए हंगामा भी किया। हालांकि बाद में जख्मी की स्थिति बिगड़ने पर परिजन निजी गाड़ी से जख्मी को लेकर छपरा लेकर चले गए।

## पूर्वोत्तर रेलवे से होकर 1,668 फेरों में चलाई जा रहीं

### 248 पूजा विशेष गाड़ियां, यात्रियों को त्योहारों के दौरान यात्रा में मिलेगी सहूलियत

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** पूर्वोत्तर रेलवे से होकर 248 पूजा विशेष गाड़ियां 1,668 फेरों में चलाई जा रही हैं। जबकि पिछले वर्ष 147 विशेष गाड़ियां 556 फेरों में चलाई गई थीं। छठ पर्व के अवसर पर-

### उत्तराखंड से चलाई जा रही विशेष गाड़ियों का विवरण

- 08 नवम्बर, 2024 को 05097 टनकपुर-दौराई विशेष गाड़ी, टनकपुर से 1825 बजे चलाई जायेगी।

### उत्तर प्रदेश से चलाई जा रही विशेष गाड़ियों का विवरण

- 08 नवम्बर, 2024 को 01080 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस विशेष गाड़ी, गोरखपुर से 1430 बजे चलाई जायेगी।
- 08 नवम्बर, 2024 को 09184 बनारस-मुम्बई सेन्ट्रल विशेष गाड़ी, बनारस से 1430 बजे चलाई जायेगी।
- 08 नवम्बर, 2024 को 01416 गोरखपुर-पुणे विशेष गाड़ी, गोरखपुर से 1730 बजे चलाई जायेगी।
- 08 नवम्बर, 2024 को 05634 गोरखपुर-नारंगी विशेष गाड़ी, गोरखपुर से 2055 बजे चलाई जायेगी।
- 08 नवम्बर, 2024 को 02587 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस विशेष गाड़ी, गोरखपुर से 2110 बजे चलाई जायेगी।
- 08 नवम्बर, 2024 को 04517 गोरखपुर-चंडीगढ़ विशेष गाड़ी, गोरखपुर से 2205 बजे चलाई जायेगी।
- 08 नवम्बर, 2024 को 04830 गोरखपुर-जोधपुर विशेष गाड़ी, गोरखपुर से 2325 बजे चलाई जायेगी।
- 08 नवम्बर, 2024 को 01415 पुणे-गोरखपुर विशेष गाड़ी, गोरखपुर 1600 बजे पहुँचेगी।
- 08 नवम्बर, 2024 को 05302 आनन्द विहार टर्मिनल-मऊ विशेष गाड़ी, मऊ 1745 बजे पहुँचेगी।
- 08 नवम्बर, 2024 को 05326 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर विशेष गाड़ी, गोरखपुर 1800 बजे पहुँचेगी।
- 08 नवम्बर, 2024 को 04518 चंडीगढ़-गोरखपुर विशेष गाड़ी, गोरखपुर 1820 बजे पहुँचेगी।
- 08 नवम्बर, 2024 को 04829 जोधपुर-गोरखपुर विशेष गाड़ी, गोरखपुर 2050 बजे पहुँचेगी।
- 08 नवम्बर, 2024 को 09031 बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर विशेष गाड़ी, गोरखपुर 2100 बजे पहुँचेगी।

### बिहार से/को चलाई जा रही विशेष गाड़ियों का विवरण:

- 08 नवम्बर, 2024 को 02270 लखनऊ-छपरा विशेष गाड़ी, लखनऊ से 1415 बजे चलाई जायेगी।
- 08 नवम्बर, 2024 को 05298 छपरा-पाटलिपुत्र विशेष गाड़ी, छपरा से 1520 बजे चलाई जायेगी।
- 08 नवम्बर, 2024 को 05115 छपरा-उधना विशेष गाड़ी, छपरा से 2130 बजे चलाई जायेगी।
- 08 नवम्बर, 2024 को 02269 छपरा-लखनऊ विशेष गाड़ी, छपरा से 2300 बजे चलाई जायेगी।

स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिये व्यापक प्रबन्ध किये गये हैं। रेलवे सुरक्षा बल (आर.पी.एफ.) द्वारा यात्रियों को कतारबद्ध तरीके से ट्रेन में प्रवेश कराया जा रहा है। प्रमुख स्टेशन पर यात्री होल्डिंग एरिया बनाये गये हैं, जिसमें उद्घोषणा प्रणाली, ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, सिटिंग एरिया, सी.सी.टी.वी. कैमरे इत्यादि की व्यवस्था की गई है। इसकी जानकारी गोरखपुर के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने एक प्रेस नोट के माध्यम से दी हे।

# जिला समन्वय समिति की बैठक में पदाधिकारियों को दिए गए निर्देश

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** जिला समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम डीएम ने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को उनके कार्य निर्वहन की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर लाइट योजना की समीक्षा करते हुए अब तक की प्रगति पर असंतोष जाहिर करते हुए इसमें तुरंत प्रभाव से त्वरित कार्रवाई करने का सख्त निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि यह सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना है। अतः इसमें किसी तरह की कोताही एवं लापरवाही नहीं बरती जाए। पंचायती राज विभाग की अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने प्रखंड को आवंटित की गई राशि को नियमानुसार खर्च करने का निर्देश दिया।

**पंचायतों में खेल मैदान हेतु उपयुक्त जगह को चिह्नित कर भेजें प्रस्ताव :** डीएम ने बताया कि सभी पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य किया जाना है। इस कार्य हेतु जिन पंचायतों से पंचायत सरकार भवन बनाने हेतु भूमि का प्रस्ताव अब तक नहीं भेजा गया है। वहां से प्रस्ताव अविलंब भेजने का निर्देश दिया गया। सरकार के निर्देश के आलोक में सभी पंचायतों में उत्कृष्ट कोटि का खेल मैदान का निर्माण किया जाना है। इस कार्य के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को आपस में समन्वय स्थापित कर खेल मैदान हेतु उपयुक्त जगह को चिह्नित कर प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया।

### जीर्ण-शीर्ण प्रखंड कार्यालय भवन को ध्वस्त कर बनाया जाएगा नया प्रखंड कार्यालय भवन

प्रधानमंत्री आवास योजना वर्ष 2024-25 की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों को यथाशीघ्र संपादित करने का निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत लंबित जांच प्रतिवेदन को यथाशीघ्र भेजने का निर्देश दिया गया। परिवहन विभाग की समीक्षा के क्रम में हिट एंड रन से संबंधित मामलों का प्रतिवेदन यथाशीघ्र सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को परिवहन विभाग में भेजने का निर्देश दिया गया। जल जीवन हरियाली कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक कुओं के जीर्णोद्धार से संबंधित सभी लंबित पुराने मामलों को प्राथमिकता देकर यथाशीघ्र पूर्ण करने को निर्देशित किया गया। डीएम ने कहा कि सरकार के निर्देशालोक में जिला के सभी प्रखंड कार्यालय की मरम्मती करवाई जानी है। वैसे प्रखंड कार्यालय, जिनका अपना कार्यालय भवन नहीं है। उन प्रखंडों में नया प्रखंड कार्यालय भवन का निर्माण कार्य करवाया जाएगा। इस कार्य के लिए वांछित भूमि का प्रस्ताव अविलंब भेजने का निर्देश दिया गया। बताया कि जीर्ण-शीर्ण प्रखंड कार्यालय भवन को ध्वस्त कर नया प्रखंड कार्यालय भवन बनवाया जाएगा। नव निर्माण हेतु वांछित भूमि का प्रतिवेदन अविलंब भेजने का निर्देश दिया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर की साफ-सफाई हेतु अलग से आवंटन की व्यवस्था किए जाने की जानकारी भी बैठक में दी गई। बैठक में उप विकास आयुक्त मुकेश कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी शैलेश कुमार चौधरी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## शतचंडी महायज्ञ को निकली कलश यात्रा

**दैनिक खोज खबर/सिवान :** बड़हरिया प्रखंड के रामपुर मठिया स्थित काली स्थान परिसर में आयोजित पांच दिवसीय शतचंडी महाचंडी महायज्ञ को लेकर शनिवार को हाथी-घोड़े व बैंड बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा महायज्ञ स्थल से आरंभ होकर रामपुर उच्च विद्यालय, माधोपुर होते हुए योगापुर कोठी स्थित तालाब के समीप पहुंची जहां वैदिक मंत्रों के साथ जल भरा गया। उसके बाद कलश यात्रा भोपतपुर समेत विभिन्न गांवों से होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंची जहां कलश स्थापना के साथ महायज्ञ आरंभ हुआ। कलश यात्रा में 1100 कन्या समेत काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। इस दौरान जय श्रीराम, जय हनुमान, जय मां काली, हर-हर महादेव के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। कलश यात्रा के साथ अयोध्या धाम से पधारे संत-महात्मा, पुरोहित समेत काफी संख्या में लोग शामिल हुए। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जामो थाना के दारोगा अभिनंदन कुमार सहित काफी संख्या में महिला व पुरुष पुलिस गश्त कर रहे थे। इस मौके पर यज्ञ समन्वयक तारकेश्वर नाथ गिरि, वीरेंद्र गिरि, सुबोध गिरि, अनु गिरि, भाजपा नेता अनिल गिरि, पूजा समिति के सदस्य समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह पानी एवं शरबत की व्यवस्था किए गए थे। यज्ञ समन्वयक ने बताया कि महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन हवन पूजन होगा। इस दौरान कुशीनगर से पधारे प्रवचनकर्ता मधुकर महाराज द्वारा प्रतिदिन शाम छह बजे से रात्रि नौ बजे तक प्रवचन होगा। इसके बाद रात्रि नौ बजे से कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा। वहीं महायज्ञ के मुख्य आचार्य प्रो.रामराज्य उपाध्याय, संतोष तिवारी, दीपक मिश्रा, चंद्र प्रकाश पांडेय, निरंजन तिवारी, द्विजराज तिवारी द्वारा प्रतिदिन हवन पूजन किया जाएगा।

## 13 को जाब कैंप में सीआई पद के लिए 100 युवाओं का होगा चयन

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** श्रम संसाधन विभाग के तत्वावधान में जिला नियोजनालय द्वारा 13 नवंबर को जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र में एक दिवसीय जाब कैंप का आयोजन किया जाएगा। प्रभारी जिला नियोजन पदाधिकारी पिंकी भारती ने बताया कि जाब कैंप के जरिए बेरोजगार युवाओं को जाब मुहैया कराया जाएगा। इस शिविर में कुल 100 युवाओं को रोजगार मुहैया कराए जाने का लक्ष्य निर्धारित है। बताया कि जाब कैंप सुबह 10 बजे तक से शाम चार बजे तक लगेगा। इसमें 18 से 28 वर्ष तक के अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे। इसके अलावा रोजगार पाने के लिए युवाओं को कम से कम 10वीं व 12वीं पास होना अनिवार्य है। इसमें चैतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कस्टमर रिलेशनशिप एक्जिक्यूटिव पद के लिए 100 अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। एक दिवसीय जाब कैंप में शामिल होने वाले युवाओं को जरूरी कागजात साथ रखना होगा। युवाओं को जरूरी दस्तावेज की फोटोकापी यथा आधार कार्ड, योग्यता प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, पैन कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र साथ लाना होगा। जाब कैंप के दौरान उपस्थित अभ्यर्थियों को सरकार के सात निश्चय के तहत आर्थिक हल युवाओं को बल के अंतर्गत संचालित बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना व कुशल युवा कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें योजना के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## भूमि विवाद शिविर में दर्जनों मामले की हुई सुनवाई

**सिवान।** जिले के विभिन्न थाना परिसर में शनिवार को भूमि विवाद निपटारा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अंचलाधिकारी द्वारा भूमि विवाद से संबंधित दर्जनों मामले की सुनवाई कर निष्पादन किया गया। जानकारी के अनुसार भगवानपुर हाट थाना परिसर में राजस्व पदाधिकारी निवेदिता त्रिपाठी तथा एसआइ सत्यनारायण मंडल ने संयुक्त रूप से शिविर आयोजित कर भूमि विवाद से संबंधित मामले की सुनवाई की। राजस्व पदाधिकारी ने बताया कि सहसरांव गांव के मजहरूल हक और मोरा गांव की शारदा देवी के मामले की सुनवाई की गई तथा विपक्षी पार्टी को अगले तिथि पर उपस्थित होकर साक्ष्य के साथ अपने पक्ष रखने के लिए नोटिस किया गया है। शिविर में अंचल के प्रधान सहायक परमानंद राम भी उपस्थित थे। बड़हरिया थाना परिसर में अंचलाधिकारी सरफराज अहमद व थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा द्वारा भूमि विवाद निपटारा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में भूमि विवाद से संबंधित कुल पांच मामले आए। इसमें तीन का आन द स्पाट निपटारा कर दिया गा तथा दो मामले में पूरे कागजात के साथ अगला शनिवार को आने को कहा गया। वहीं आंदर थाना परिसर में आयोजित भूमि विवाद निपटारा शिविर में सीओ नीलम कुमारी व थानाध्यक्ष पप्पन कुमार द्वारा संयुक्त रूप से चार मामले की सुनवाई की गई। सीओ ने बताया कि शिविर में छह मामले आए। इसमें चार मामले का निष्पादन किया गया है। इस मौके पर अंचल कर्मी समरेंद्र कुमार, नागेंद्र कुमार, जान मोहम्मद अंसारी आदि उपस्थित थे। वहीं असांव थाना परिसर में दो मामले का निष्पादन किया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष रवि कुमार, अंचल कर्मी समरेंद्र कुमार शर्मा, नागेंद्र कुमार समेत आदि कर्मी उपस्थित थे।

## सीताराम महायज्ञ को निकली कलश यात्रा, वातावरण हुआ भक्तिमय

**दैनिक खोज खबर/गुठनी (सिवान)।** दरौली प्रखंड के नेपुरा गांव में प्रत्येक वर्ष की भांति आयोजित सात दिवसीय सीताराम महायज्ञ को ले शनिवार को हाथी-घोड़े व बैंड-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा नेपुरा गांव से आरंभ होकर उकरेड़ा, उकरेड़ी, टड़वा चट्टी, केवटलिया होते हुए डुमरहर स्थित सरयू नदी तट पहुंची जहां काशी से आए आचार्यों द्वारा गंगा पूजन के साथ जल भरा गया। उसके बाद कलश यात्रा नेपुरा स्थित यज्ञ मंडप पहुंची। इसके बाद आचार्यों द्वारा कलश स्थापित कर सीताराम महायज्ञ का शुभारंभ कराया गया। कलश यात्रा के दौरान जय श्रीराम, जय हनुमान, हर-हर महादेव के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। प्रधान यजमान डा. उमेश पांडेय ने बताया कि सिद्ध गुफा चकरी योगाश्रम के संस्थापक, महान तपस्वी ब्रह्मऋषि योगिराज मौनीजी महाराज द्वारा इस महायज्ञ की शुरुआत 2012 में की गई थी। इस महायज्ञ का यह 13वां वर्ष है। महायज्ञ में उनके सानिध्य में उत्तराधिकारी शिष्य महंत रघुनाथ दास महाराज प्रत्येक वर्ष इस महायज्ञ में उपस्थित रहते हैं। उन्होंने बताया कि महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वहीं दूर से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने का इंतजाम किया गया है। वहीं वृंदावन से आई दामोदर दास जी की रासलीला मंडली द्वारा प्रतिदिन दिन में रामलीला एवं रात्रि में रासलीला का मंचन किया जाएगा। इस महायज्ञ में काशी, मथुरा, अयोध्या से कई संत-महात्माओं का आगमन हो रहा है।इस मौके पर आचार्य पंडित नीरज शास्त्री, पं. दिनेश पांडेय, प्रसिद्ध भागवत कथावाचक पं.रविप्रकाश मिश्र व यजमान में डा.गोपाल पांडेय, सुबेश पांडेय, आचार्य प्रियांशु द्विवेदी, पं.सर्वेश महाराज समेत काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## इमरजेंसी वार्ड से मरीज की मोबाइल चोरी

**सीवान।** सदर अस्पताल में प्रतिदिन कुछ ना कुछ चोरी होना आम बात हो गई हैशनिवार की दोपहर इमरजेंसी वार्ड के बेड नंबर सात पर भर्ती मरीज अमजद अली की मोबाइल चोरों ने चोरी कर ली.काफी खोजबीन करने के बाद भी मोबाइल नहीं मिला।

## डीएलएड में स्पाट नामांकन के लिए आवेदन 12 तक

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** ईआरसी एनसीटीई से मान्यता प्राप्त व बिहार बोर्ड से संबद्धता प्राप्त राज्य के डीएलएड कोर्स संचालित सभी गैर सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों में डीएलएड प्रशिक्षण सत्र 2024-26 में रिक्त सीटों के लिए स्पाट नामांकन के लिए आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। 12 नवंबर तक आवेदन की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। रिक्त सीटों का विवरण समिति के पोर्टल पर उपलब्ध है, उसी के आधार पर छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं।

**13 नवंबर को जारी होगी औपबंधिक सूची :** 13 नवंबर को मेधा क्रम में संस्थान द्वारा औपबंधिक सूची प्रकाशित की जाएगी। 14 व 15 नवंबर को औपबंधिक सूची पर अभ्यर्थियों से आपत्ति प्राप्त किया जाएगा। 16 नवंबर को उसका निराकरण किया जाएगा। प्राप्त आपत्तियों के निराकरण के बाद अंतिम मेधा सूची 18 नवंबर को प्राप्त होगा। 18 से 20 नवंबर तक सूची के आधार पर नामांकन लिया जाएगा। 21 व 22 को प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थी का मेधा-क्रमानुसार नामांकन लिया जाएगा। 23 नवंबर तक पोर्टल पर नामांकन को अद्यतन करना है। समिति द्वारा सरकारी संस्थानों के लिए जारी की गई तीन चयन सूची व गैर-सरकारी संस्थानों के लिए जारी की गई तीन चयन सूची के आलोक में अथवा सरकारी संस्थानों की स्पाट नामांकन प्रक्रिया के तहत किसी भी संस्थान में नामांकित कोई भी अभ्यर्थी गैर-सरकारी संस्थानों की स्पाट नामांकन की प्रक्रिया में भाग लेने के लिए पात्र नहीं है।

## स्वास्थ्य केंद्रों में शिविर लगा गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में शनिवार को शिविर लगाकर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजनांतर्गत गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जाकर उन्हें खानपान, रहन-सहन समेत कई सुझाव दिए गए। साथ ही उन्हें परामर्श के साथ दवाएं भी दी गई। इस दौरान चिकित्सक द्वारा बीपी, शुगर, सीबीसी, एचबीएसएजी, एचसीवी, एचआइवी, हीमोग्लोबिन, वजन की जांच की गई। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.कन्हैया चौधरी, बीएचएम एसरारुल हक एवं बीसीएम सिंधु कुमारी की देखरेख में करीब 141 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। डा ज्ञान मंजरी ने गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांचोपरांत आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अवसर एलटी दीपक कुमार, नर्स सूरज शर्मा, वंदना, अंकिता, डाटा आपरेटर मुमताज अहमद, एएनएम रीता देवी, लेखापाल कृपाशंकर प्रसाद, अमित पाठक सहित अन्य आशा उपस्थित थीं। वहीं आंदर प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर लगाकर करीब 92 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान डा.गुंजन कुमार, डा.महेंद्र कुमार यादव व एएनएम प्रीतम कुमार, राधा पांडेय द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं की बारी-बारी से जांच कर निशुल्क दवा व परामर्श दिए गए। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.अमितेश कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान के तहत विशेष शिविर लगाकर 92 गर्भवती महिलाओं की बीपी, वजन, एचआइवी आदि की जांच की गई है। इस मौके पर संतोष कुमार, मधुरेंद्र कुमार, सतीश कुमार आदि उपस्थित थे। इसके अलावा अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में भी शिविर लगा गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई।

## छठ के बाद जंक्शन पर वापसी करने वाले यात्रियों की बढ़ी भीड़

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** लोकआस्था का महापर्व छठ संपन्न होने के बाद दूसरे राज्यों में रहकर अपनी जीविका चलाने वाले लोग शनिवार से वापसी करने लगे। इस कारण जंक्शन पर दिल्ली, कोलकाता और मुंबई की तरफ जाने वाली ट्रेनों में भीड़ देखने को मिली। जंक्शन से होकर गुजरने वाली वैशाली सुपरफास्ट, बिहार संपर्क सुपरफास्ट, लिच्छवी एक्सप्रेस, आम्रपाली एक्सप्रेस सहित अन्य स्पेशल ट्रेनों में यात्रियों की बेतहाशा भीड़ रही। प्लेटफार्म पर सुबह से ही यात्रियों का आना-जाना लगा रहा। वहीं जंक्शन होकर कोलकाता, रांची, गुवाहाटी, डिब्रूगढ़ सहित अन्य जगहों पर जाने वाली ट्रेनों में सवार होने के लिए यात्रियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। जंक्शन पर आरपीएफ द्वारा रस्सा लगाकर यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित किया गया। जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेनों के आगमन के समय, धक्का मुक्की के कारण कोई अप्रिय घटाना ना हो और यात्रीगण सुविधाजनक तरीके से ट्रेन से उतर और उसपर सवार हो सकें इसके लिए रस्सी की मदद से यात्रियों की भीड़ को सफलता पूर्वक नियंत्रित किया गया।

## बुद्धिजीवी मंच के राष्ट्रीय संयोजक के असामयिक निधन पर शोक

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** बुद्धिजीवी मंच के राष्ट्रीय संयोजक, समाजसेवी काशीनाथ सिंह के असामयिक निधन पर शोक की लहर व्याप्त हो गई। उनके निधन पर डा.रामेश्वर प्रसाद सिंह, शैलेंद्र कुमार, डा.सीबी मिश्रा, मुरलीधर मिश्रा, हरिनारायण सिंह, विनोद कुमार, सत्येंद्र कुशवाहा, एलपी शाही सहित बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन के महासचिव कुमार बिंदेश्वर ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इस दुख कि घड़ी में ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की कामना की है।

## इंटर के छात्रों की सेंटअप परीक्षा कल से, तैयारी पूरी

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटर परीक्षा 2025 में शामिल होने वाले नियमित, स्वतंत्र एवं क्वालिफाइंग कोटि के छात्र-छात्राओं के लिए सैद्धांतिक विषयों की सेंटअप परीक्षा 11 नवंबर से शुरू होगी। विभागीय निर्देश के आलोक में सभी इंटर कालेजों व प्लस टू स्कूलों में परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 930 बजे से 1245 बजे तक होगी। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम 5 बजकर 15 मिनट तक ली जाएगी। सैद्धांतिक विषयों की परीक्षा 18 नवंबर तक होगी। वहीं 19 से 21 नवंबर तक प्रायोगिक परीक्षा भी इंटर कालेजों व प्लस टू स्कूलों में ही होगी। जिला शिक्षा विभाग कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सेंटअप परीक्षा में करीब 49 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल होंगे।

### परीक्षा में शामिल नहीं होने व फेल होने वाले हो जाएंगे मुख्य परीक्षा से वंचित :

इंटरमीडिएट की सेंटअप परीक्षा में सभी छात्र-छात्राओं को शामिल होना अनिवार्य है। इसमें शामिल नहीं होने वाले अथवा परीक्षा में फेल हो जाने वाले छात्र-छात्राओं को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा 2025 में होने वाले इंटरमीडिएट की मुख्य परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बोर्ड का मानना है कि इससे छात्रों को अपनी तैयारी का मूल्यांकन करने का मौका मिलेगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित हो जाएगा कि केवल योग्य छात्र ही वार्षिक परीक्षा में भाग लेंगे।

## हुसैनगंज में नौ पैक्स अध्यक्ष व 99 कार्यकारिणी सदस्य के पदों पर होगा चुनाव

**दैनिक खोज खबर/हुसैनगंज (सिवान)।** प्रखंड के नौ पैक्सों में चौथे चरण में होने वाला पैक्स चुनाव को ले एक दिसंबर को मतदान होगा। इसको लेकर राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने 17 से 19 नवंबर तक नामांकन दाखिल करने की तिथि निर्धारित की है। बीसीओ अरविंद कुमार ने बताया कि सभी नौ पैक्स अध्यक्ष पद अनारक्षित हैं जबकि प्रत्येक पैक्स में 11 पद कार्यकारिणी सदस्यों के लिए निर्धारित किया गया है। इसमें अनुसूचित जाति, महिला एवं पुरुष के लिए दो पद, ओबीसी महिला व पुरुष के लिए दो पद, ईबीसी महिला व पुरुष के लिए दो पद तथा सामान्य वर्ग में तीन पुरुष एवं दो पद महिला सदस्यों के लिए निर्धारित किया गया है। इस तरह प्रत्येक पैक्स में छह पद आरक्षित एवं पांच पद अनारक्षित निर्धारित किए गए हैं।

## ट्रेन में आरपीएफ ने चलाया जागरुकता अभियान

**दैनिक खोज खबर/दारौंदा (सिवान)।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के समापन के बाद अन्य प्रदेशों में रहने वाले यात्री लौटने लगे हैं। इस दौरान दारौंदा जंक्शन पर यात्रियों की भीड़ी देखी जा रही है। इस दौरान दारौंदा जंक्शन पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। वहीं यात्रियों को नशाखुरानी गिरोह से बचाव के लिए आरपीएफ द्वारा जागरुकता अभियान चला यात्रियों को सुरक्षा के मद्देनजर जागरूक किया जा रहा है। आरपीएफ चौकी प्रभारी ग्यास सरवर के साथ हेड कांस्टेबल जावेद अख्तर, रामजी यादव द्वारा गाड़ी संख्या-14005, 15028, 15027, 05242, 05444 में जाकर यात्रियों को सुव्यवस्थित ढंग से बैठाया गया। इस दौरान यात्रियों को अपरिचित से कोई सामान नहीं लेने एवं सेवन नहीं करने की सलाह दी गई। साथ ही स्टेशन पर आने जाने वाली गाड़ियों में ज्वलनशील पदार्थों की जांच की गई। इस संबंध में आरपीएफ प्रभारी ने बताया कि दीपावली व छठ पूजा को लेकर ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर विशेष रूप से अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान ट्रेन में विस्फोटक व ज्वलनशील पदार्थ, गांजा, शराब ले जाने वाले तस्करों के खिलाफ भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जंक्शन पर अनावश्यक रूप से घूमने वालों की जांच की जा रही है। साथ ही यात्रियों को ट्रेन की गेट तथा छत पर यात्रा नहीं करने की सलाह दी जा रही है। इसके अलावा यात्रियों को अनावश्यक रूप से चेन पुलिंग नहीं करने तथा लावारिस वस्तु लेने से परहेज करने तथा इसकी सूचना रेल प्रशासन, राजकीय रेल पुलिस या रेलवे सुरक्षा बल को देने के लिए जागरूक किया गया। यात्रियों को रेलवे अधिनियम का पालन करने की सलाह दी गई।

## पकड़ी में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के पकड़ी गांव में पकड़ी युवा क्लब के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्रवासी भारतीय अशोक तिवारी और शिक्षक सत्यदेव तिवारी ने फीता काट कर किया। मौके पर दर्जनों अनुभवी चिकित्सकों ने सैकड़ों लोगों की स्वास्थ्य जांच किया। मौके पर स्वास्थ्य जांच के बाद निःशुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराई गयी। मौके पर संजय तिवारी समेत अन्य मौजूद रहें।

## बाइक दुर्घटना में दो घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के यदु मोड़ पर बाइक दुर्घटना में दो युवकों को घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। घायल सिवान के हसनपुर करही कला निवासी पिनकेश कुमार और विपिन कुमार हैं। घटना के बारे में बताया गया कि बाइक दुर्घटना में दोनों यदु मोड़ पर घायल हो गए।

## गोपाष्टमी पर गौ पूजन तथा मेला का हुआ आयोजन

**दैनिक खोज खबर/ छपरा।** गोपाष्मी के अवसर पर सारण पिन्जरापोल गौशाला हिरानीबाग करिंगा में गौ पूजनोत्सव का आयोजन किया गया। मेला में शानदार कुश्ती का भी आयोजन किया किया। जिसमें उत्तर प्रदेश तथा बिहार के पहलवानो ने पहलवानी का शानदार प्रदर्शन किया। मेला का आयोजन देर रात तक चला। बड़ी संख्या में महिलाओं ने मेला का लुत्फ उठाया।गौ पूजनोत्सव में श्याम बिहारी अग्रवाल, भगवती प्रसाद जगाती, सत्यनारायण शर्मा, राजकुमार मिश्रा, गोपाल अग्रवाल आदि सम्मिलित हुए।

## मारपीट के दो आरोपित गिरफ्तार

**एकमा (सारण)।** एकमा थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के विष्णुपुरा कला गांव में छापेमारी कर जानलेवा हमले के दो नामजद आरोपितों क्रमशः सुधीर कुमार सिंह उर्फ नागेन्द्र सिंह व दीनबंधु सिंह को गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि एकमा थाने की पुलिस ने आवश्यक पूछताछ करने के बाद गिरफ्तार दोनों आरोपितों को जेल भेज दिया।

## मारपीट की घटनाओं में 13 लोग घायल

**एकमा (सारण)।** एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की अलग अलग घटनाओं में दो महिलाओं समेत तेरह लोग घायल हो गये। घायलों में गंजपर गांव की गुड़िया देवी, भरहोपुर गांव के दीपक राम,असहनी गांव के प्रमोद कुमार, वसंत कुमार, रसूलपुर गांव के राजा महतो, तेलियाडीह गांव के अमरेन्द्र मिश्र, वनपुरा गांव के निखिल पांडेय, मनोज उपाध्याय, बरेजा गांव के आनन्द कुमार प्रसाद, शीतलपुर गांव के शिवनाथ महतो, भजौना गांव के दुर्गेश महतो, जैतपुर गांव के दुर्गेश कुमार, लहलादपुर गांव के शेखर सिन्हा, अश्वनी सिन्हा, आदि शामिल हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कराया गया।?इस संबंध में घायलों के द्वारा थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई.पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## बाइक की टक्कर से बच्चा घायल

**सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्रीनगर में शनिवार की देर शाम बाइक की टक्कर से एक बच्चा घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगों की मदद से स्वजन एक निजी अस्पताल लेकर गए जहां से डाक्टर ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल की पहचान श्रीनगर निवासी संजय कुमार के पुत्र अनुप कुमार के रूप में हुई। संजय ने बताया कि घर के आगे बच्चा खेल रहा था, तभी एक बाइक वाले ने धक्का मार दिया। इससे वह घायल हो गया।

## वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त ने किया जंक्शन का निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** छठ पर्व समाप्ति के बाद जाने और आने वाले यात्रियों की भीड़ को देखते हुए शनिवार को सिवान जंक्शन पर रेल प्रशासन की तैयारी का जायजा लेने वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ वाराणसी एस रामकृष्ण पहुंचे। यहां उन्होंने प्लेटफार्म संख्या 1, 2, 3, 4 व सर्कुलेटिंग एरिया, पार्सल कार्यालय फुट ओवर ब्रिज तथा स्टेशन पर यात्रियों के आने-जाने के प्रवेश द्वारों का अवलोकन एवं निरीक्षण किया गया। भीड़ प्रबंधन तथा यात्रियों के सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्टेशन पर लगाए गए सीसी कंट्रोल स्टेशन का भी निरीक्षण किया तथा ड्यूटी पर मौजूद रेलवे सुरक्षा बल स्टाफ से स्टेशन प्लेटफार्म, फुट ओवर ब्रिज और सर्कुलेटिंग में लगे सीसी कैमरे से युक्त जगह तथा यात्रियों के आने-जाने के स्थिति को देखा गया। भीड़ प्रबंधन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। छठ की भीड़ को देखते हुए लगाए गए 20 अतिरिक्त सीसी कैमरे के डिस्प्ले बोर्ड का भी अवलोकन किया गया व संबंधित विभाग को उसके अच्छे तरह से क्रियावरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिन्हा, स्टेशन अधीक्षक मुकेश कुमार सिंह, वाणिज्य अधीक्षक विशाल कुमार सिंह के साथ-साथ रेल विभाग के पर्यवेक्षक एवं आरपीएफ स्टाफ आन ड्यूटी मौजूद रहे।

## सम्मान समारोह का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** गांधी स्मारक विद्या मंदिर उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज के प्रांगण में 1999 में उत्तीर्ण हुए छात्रों के सौजन्य से शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, इसका उद्घाटन विद्यालय के तत्कालीन प्राचार्य राजेंद्र सिंह एवं वर्तमान प्राचार्य देवकीनंदन ओझा के अलावा मौजूद सभी शिक्षकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद राष्ट्रगान व सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम को विधिवत शुरू किया गया। इसमें मौजूद तत्कालीन एवं वर्तमान शिक्षकों के साथ ही 1999 में पास आउट छात्रों को शाल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रांगण में दो दर्जन फलदार और दो दर्जन फूल वाले पौधों का रोपण किया गया। उच्च विद्यालय सहुली में कार्यरत संगीत शिक्षिका अंजू पांडेय ने अपने सुर-संगीत से लोगों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक राजेंद्र सिंह, लालबाबू सिंह, कैलाश प्रसाद, रामचंद्र सिंह, हीरालाल सिंह, आदि को सम्मानित किया गया। वहीं आयोजकों में राजीव राय, हरिओम कुमार, पंकज कुमार एवं रमेश कुमार की अहम भूमिका थी।

## फायरिंग मामले में 25 दिन बाद भी बदमाशों की गिरफ्तारी नहीं

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर स्थित एक टावर के पास 17 अक्टूबर की देर शाम बाइक सवार दो बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दहशत फैला दी थी। इस दौरान दुकान बंद कर रहे हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सूरापुर निवासी देवचंद मांझी को हाथ में गोली लग गई थी। मामले में घायल घायल देवचंद मांझी के फर्द बयान पर दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी भी हुई थी। सीसी फुटेज भी सामने आया था, लेकिन घटना के 25 दिन बाद भी पुलिस बदमाशों की गिरफ्तारी नहीं कर सकी। इस कारण कांड में शामिल बदमाशों की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हो सकी है। घटना को अंजाम देने वाले बदमाश फरार चल रहे हैं, जबकि इस मामले में एसपी अमितेश कुमार ने सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआइटी टीम का गठन भी किया था।

## जमीनी विवाद में मारपीट एक घायल

**सीवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सिंगर पट्टी गांव में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हो गई.जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया ग़्रायल युवक गांव निवासी उपेंद्र यादव का पुत्र केशव कुमार यादव है.घटना के संबंध में घायल ने बताया कि गांव में ही मेरा एक जमीन है.जिसकी सफाई करने के लिए सुबह गया था.जहां कुछ लोगों ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया. जिसका मैंने विरोध किया तो मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गयाप़रिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया ज़हां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया।